तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

बागबाहरा में लोक संस्कृति का महाकुंभ, मानस ... 12



ग्रॉफ्टेड बैगन की खेती से लाखों की आय अर्जित कर... 12








# भीषण गर्मी की चपेट में जिला, आज से शुरू हो रहे नौतपा में और बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों की तरह जिले में भी इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। सूर्योदय के साथ ही तेज धूप का दौर शुरू हो जाता है, जो शाम 5 बजे तक जारी रहता है। इसके बावजूद देर रात तक तपीश बरकरार रहती है। सूरज की तेज किरणों के कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है। पिछले दो-तीन दिनों से आसमान पूरी तरह साफ है, जिसके कारण धूप की तीव्रता बहुत अधिक हो गई है। दोपहर होने से पहले ही शहर की सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम हो जाती है और यह स्थिति देर शाम तक बनी रहती है।

## सूरज की तेज किरणों के कारण धरती गर्म, तेज धूप लोगों को कर रही परेशान

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

तेज धूप और उमस के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों की प्रमुख सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। केवल बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। जो लोग बाहर आ भी रहे हैं, वे धूप से बचने के लिए अपने सिर को कपड़े से ढंककर और चेहरे को बांधकर यात्रा कर रहे हैं। आने वाले नौ दिनों में गर्मी के तेवर बढ़ने की पूरी संभावना है, जिससे आम जनजीवन और अधिक प्रभावित हो सकता है।




### 25 से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे सूर्य

25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है। ज्योतिषीय और भौगोलिक मान्यताओं के अनुसार, 25 मई को सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ नौतपा प्रारंभ हो जाएगा, जो आगामी नौ दिनों तक यानी 2 जून तक चलेगा। माना जाता है कि इस अवधि में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम हो जाती है, जिससे सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं। यही कारण है कि इन नौ दिनों में सबसे अधिक गर्मी महसूस होती है।

रविवार को महासमुंद जिले में भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। आसमान में बादल न होने के कारण दिनभर तेज धूप का असर बना रहा। वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग दोपहर के समय घरों में कूलर और पंखे चलाकर वक्त बिता रहे हैं, लेकिन लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण अब कूलर और पंखे भी ज्यादा राहत नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में कल से शुरू हो रहे नौतपा को लेकर नागरिकों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इस दौरान तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो महिलाएं घायल

**महासमुंद।** ग्राम परसट्ठी में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो महिलाएं घायल हो गई। घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बम्हनी निवासी सोहनलाल महतो ने बताया कि 21 मई को सुबह करीबन 9.30 बजे वह अपनी मां जंत्रीन बाई पाल और बड़े भाई मोहन की सास यशोदा बाई पाल को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8149 में साथ लेकर महासमुंद से ग्राम बम्हनी आ रहा था। जब वह ग्राम परसट्ठी लालाराम बंजारे के घर के पास पहुंचा तब गलत साइड से ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एल 0367 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जंत्रीनबाई के दोनों पैर, बाएं कंधे एवं पसली, मुंह में एवं यशोदा बाई के दांये पैर, कमर, बांयी पसली में चोट आयी है। वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

कार्रवाई : कोमाखान एवं महासमुंद सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है मामला

# हत्या व जानलेवा हमले के मामलों में तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हत्या और जानलेवा हमले जैसे गंभीर मामलों में जिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो साल पुरानी रंजिश के चलते कोमाखान थाना क्षेत्र के युवक की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे मामले में मामूली विवाद पर धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल करने वाले आरोपी को घटना के कुछ घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में कार्रवाई की है।



### पहला मामला

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बताया कि कोमाखान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बकमा (बागबाहरा) में पुरानी रंजिश के कारण मारपीट 22 वर्षीय युवक चितरंजन पटेल की हत्या हो गई। घटना 15 अप्रैल की है, जब आरोपी कुंजन साहू (25 वर्ष) और दीपेश साहू (24 वर्ष) ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चितरंजन को लामीसरार मुर्गी फार्म के पास रोका। आरोपियों ने चितरंजन को कब्रिस्तान के पास ले जाकर डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे वह बेहोश हो गया। मामले को दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने मृतक की मोटरसाइकिल को पत्थर से कुचल दिया और उसे बिजली के खंभे के पास छोड़कर भाग गए, ताकि लोग इसे सड़क हादसा समझें। शुरुआत में चोट की सही स्थिति स्पष्ट न होने और पीड़ित के बेहोश रहने के कारण पुलिस ने मारपीट और अन्य धाराओं (बीएनएस) में मामला दर्ज किया। इलाज के दौरान 22 मई को अस्पताल में चितरंजन की मृत्यु हो गई। इसके बाद, पोस्टमार्टम (पीएम) रिपोर्ट और परिस्थितियों के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई। पूछताछ में मुख्य आरोपी कुंजन साहू ने बताया कि मृतक उसकी बहन को भगाकर ले गया था, इसी का बदला लेने के लिए उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने कुंजन और दीपेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले एक अन्य आरोपी फरार है। गौरतलब है कि आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाना घेराव भी किया था।

### मामूली बात पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 22 मई की रात करीब 8 बजे वार्ड नंबर 28 मौहारीभांठा के रहने वाले शुभम निषाद 23 वर्ष ने बच्चे को डांटने-धमकाने की मामूली बात पर टकेश्वर साहू (22 वर्ष) पर मुर्गा काटने वाले धारदार औजार (चापड़) से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में टकेश्वर के सिर, दोनों हाथों और उंगलियों पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित टकेश्वर साहू की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी शुभम को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया धारदार चापड़ भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# बालसी में 40 लीटर महुआ शराब व लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



- सुशासन शिविर में प्राप्त शिकायत के आधार पर अंबेडकर वार्ड में भी कार्रवाई

अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के तहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम बालसी में टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में महुआ शराब और लाहन बरामद किया।

रात्रिकालीन अभियान के दौरान ग्राम बालसी निवासी सुखचंद रात्रे के घर में छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से लगभग 40 लीटर महुआ शराब तथा 34 प्लास्टिक बोरियों में करीब 1700 किलो तैयार महुआ लहान बरामद किया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके अतिरिक्त ग्राम लाती में एक अन्य आरोपी नेपाल भाई के खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं 15 मई 2026 को आयोजित सुशासन शिविर में प्राप्त शिकायत के आधार पर अंबेडकर वार्ड में करण सिंह, राम प्रसाद एवं ललिता रात्रे के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान गठित संयुक्त टीम में आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, अनिल कुमार झरिया तथा आरक्षक देवेश मांझी, ऋतिकेश बाघ, सुरेंद्र गोलू, छविनाथ, नील एवं कमल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### कारोबारी पर हंसिया से हमला

**महासमुंद।** ग्राम अरेकेलडीपा निवासी एक व्यक्ति पर हंसिया से वार करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना थाने में कराए गए एफआईआर में नियाज खान ने पुलिस को बताया कि दुकानदारी करता है, 22/05/2026 को वह अपने घर में था। दोपहर करीबन 1.30 बजे मोहल्ले का अलकाश हुसैन उसके घर के पास आकर किसी कारण से गाली गलौच करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तब जान से मारने की धमकी देते अपने पास रखे पैसुल(हंसिया) से सिर में मार दिया, जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। आवाज सुनकर जब मेरी पत्नी बेबी मुस्कान बीच बचाव करने आयी तब उसके साथ भी आरोपी अलकाश हुसैन ने मारपीट किया है। लड़ाई-झगड़ा की आवाज सुनकर जब मेरी भाभी आयी तो उसे भी धक्का देकर जमीन में गिरा दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# बस के इंतजार में खड़े महाराष्ट्र के दो गांजा तस्कर गिरफ्तार, छह किलो से अधिक गांजा जब्त, सरायपाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/सरायपाली

कार में चेंबर, एंबुलेंस और लग्जरी वाहनों के साथ अलग-अलग पैंतरे अपनाकर थकने के बाद गांजा तस्करों द्वारा सामान्य यात्री बनकर गांजा तस्करी करने की योजना को भी पुलिस ने नाकाम कर दिया है। पुलिस ने जाल बिछाकर महाराष्ट्र के रहने वाले दो अंतर्राज्यीय तस्करों एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। जो बस का इंतजार कर रहे थे। इनके पास से 6.360 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की कीमत लगभग 3 लाख 18 हजार रुपए आंकी गई है।

सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुरमुरी चौक पर एक महिला और एक पुरुष दो पिठ्ठु बैग में भारी मात्रा में गांजा लेकर खड़े हैं और वहां से बस पकड़ने की फिराक में हैं। यह सूचना मिलते ही सिंघोड़ा थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और चौक की घेराबंदी कर बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया।



### नागपुर के रहने वाले हैं दोनों आरोपी

पुलिस की पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी पहचान उजागर की। आरोपियों में पराग ध्रुव (26 वर्ष) पिता प्रमोद ध्रुव, निवासी- शांतिनगर, जिला नागपुर (महाराष्ट्र), सायली मसराम (33 वर्ष) पिता प्रदीप मसराम, निवासी- पांचपावली रोड, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) शामिल हैं। जब पुलिस ने उनके पास मौजूद दोनों पिठ्ठु बैगों की तलाशी ली, तो उनके अंदर से कुल 6.360 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इस गांजे को ओडिशा के बलांगीर जिले से लेकर आ रहे थे और इसे ट्रेन तथा बस के रास्ते महाराष्ट्र के नागपुर पहुंचाने व खपाने की योजना थी।

### आरोपियों के कब्जे से 3.38 लाख रुपए का माल जब्त

पुलिस ने आरोपियों के पास से सामग्रियां जब्त की हैं जिसमें अवैध गांजा 6.360 किलोग्राम कीमत लगभग 3,18,000 रुपए, मोबाइल फोन 2 नग कीमत लगभग 20,000 रुपए, करीब 3,38,000 रुपए की कुल संपत्ति जब्त की गई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिंघोडा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(दो)(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# आग लगने से पैरा जलने, दो बैल झुलसने एवं बैल गाड़ी को नुकसान पहुंचाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेत में आग लगाने के कारण ब्यारा में रखे पैरा एवं लकड़ी के जल जाने के अलावा यहां बंधे दो बैलों के झुलस जाने एवं बैल गाड़ी जलकर नष्ट होने की शिकायत सिटी कोतवाली महासमुंद की गई है।

ग्राम लाफिन खुर्द के जगदीश साहू पिता भगतराम साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी लगभग सवा दो एकड़ खेती जमीन है, जिस पर वह एवं अपने भाईयों के साथ खेती किसानी का कार्य किया जाता है। मेरे द्वारा अपनी उक्त भूमि में खेती किसानी कार्य के लिए लगभग 2 नग बैल 6 नग गाय व बछड़ा पाला गया है। निवास स्थान से कुछ दूर पर ब्यारा है, जहां हम लोग अपने-अपने पालतू पशुओं के लिए पैरा एवं लकड़ी रखा गया था।



मेरे द्वारा उक्त ब्यारा में अपना एक जोड़ी बैल व गाड़ी को रखा जाता था। 23 मई को दोपहर लगभग 1 बजे के आसपास हमारे ब्यारा से लगे हुए दीनू साहू पिता पुनू साहू, नरेश साहू, दानवीर साहू पिता सीताराम साहू, मोतीलाल साहू के खेत में आग लगाने के कारण उक्त आग की लपटें हमारे ब्यारा तक पहुंच गई और ब्यारा में रखो, हम तीनों भाईयों का लगभग 55-60 बैल गाड़ी पैरा एवं लगभग 3-4 टन लकड़ी जलकर खाक हो गया है। उक्त पैरा एवं लकड़ी की आग के चपेट में आकर ब्यारा में बंधे एक जोड़ी बैल बुरी तरह से झुलस गए। प्रार्थी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।






# बागबाहरा में लोक संस्कृति का महाकुंभ, मानस व्याख्यान के साथ 7 दिन का लोक संगीत प्रशिक्षण शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोक कलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय आवासीय लोक संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला 18 से 25 मई 2026 तक हर्षोल्लास के साथ जारी है। कार्यशाला लोक संस्कृति संरक्षण की दिशा में क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण और सार्थक प्रयास माना जा रहा है।

इस आवासीय प्रशिक्षण शिविर में वादन के अंतर्गत आर्गन, पेड, तबला, ढोलक सहित लोक व शास्त्रीय गायन, लोक नृत्य तथा मानस व्याख्यान की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विविध अंचलों से पहुंचे लगभग 387 प्रशिक्षार्थी इस कार्यशाला में सम्मिलित होकर लोक संगीत की बारीकियों को सीख रहे हैं। सभी प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त एवं सिद्धहस्त गुरुओं द्वारा अनुशासित एवं सांगीतिक वातावरण में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कार्यशाला के मध्य सत्र में मानस सुरभि पुस्तक का विमोचन किया गया। इस कृति में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लेखक बलराम साहू धरमी (बालोद) ने रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर केंद्रित अपने विचारों को अत्यंत सुव्यवस्थित और सरल शैली में संजोया है। विमोचन पर तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रांताध्यक्ष जगदीश देशमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में त्रेता चंद्राकर, लिलार सिन्हा, चिंताहरण पटेल, प्रमोद साहू तथा स्वयं लेखक बलराम साहू सहित अनेक मानस मर्मज्ञों की गरिमामय उपस्थिति रही।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि देशमुख ने कहा कि मानस सुरभि



केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि रामचरित मानस के सुगंधित विचारों का ऐसा पुष्पगुच्छ है, जो हमारे मन मंदिर को श्रद्धा, संयम और सकारात्मकता से भर देता है। लेखक बलराम साहू धरमी ने मानस के गूढ़ प्रसंगों को सरल भाषा और सहज शैली में सजाकर, हर पाठक के लिए उसे जीवन.उपयोगी बना दिया है। मुझे विश्वास है कि यह कृति हमारे युवा साधकों को भक्ति, मर्यादा और लोकमंगल की दिशा में प्रेरित करती रहेगी और बागबाहरा की इस धरती से उठी लोक.साधना की यह सुरभि दूर-दूर तक फैलती जाएगी।

प्रशिक्षण सत्र के पंचम दिवस पर अतिथि के रूप में दुबे लाल साहू, लाला साहू, गोकुलराम साहू, लक्ष्मीनारायण पटेल, कृष्णा पटेल, जसवंत भारती एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, बागबाहरा के सदस्यगण ने कार्यशाला में सहभागी होकर प्रशिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकगीत, लोकनृत्य और मानस परंपरा हमारी सांस्कृतिक पहचान की धरोहर हैं, इन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ऐसे आवासीय प्रशिक्षण शिविरों का नियमित आयोजन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र डॉ. विकास अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के जाने माने लेखक एवं रचनाकार स्व. मेहत्तर राम साहू की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक साधना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विदित हो कि स्व. मेहत्तर राम साहू, लोक कलाकार संरक्षण समिति के संस्थापक अध्यक्ष धनराज साहू के पिता रहे हैं। धनराज साहू द्वारा उनकी रचनाओं को अत्यंत प्रभावशाली तरीके से समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पश्चात आर्गन एवं पेड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शानदार वादन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में लोक नृत्य में स्व. मेहत्तर राम साहू द्वारा रचित प्रसिद्ध गीत झुनकी तोरई की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिसके कोरियोग्राफर उत्तम साहू रहे। गीत की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को लोक संगीत की आत्मा से जोड़ते हुए सभागार में एक अद्भुत सांस्कृतिक वातावरण निर्मित किया। संपूर्ण कार्यशाला में दिनभर साधना, अभ्यास, समूह.गान, वादन, नृत्य एवं मानस व्याख्यान के सत्र निरंतर चल रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल प्रशिक्षार्थियों की कला कौशल में वृद्धि होगी, बल्कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में जाकर छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के सशक्त संवाहक के रूप में नई प्रेरणा बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक जिम्मेदारियों का हुआ विस्तार

**महासमुंद**। जिला कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में





महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन उपरांत नई संगठनात्मक जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार लक्ष्मण पटेल (महामंत्री) को जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद का कार्यालय प्रभारी तथा हरदेव सिंह ढिल्लो (महामंत्री) को कार्यालय प्रभारी प्रशासन नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद**। कोतवाली पुलिस ने पिटियाझर में एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पिटियाझर मंडी गेट के पास आरोपी डिगेश्वर यादव पिता तिजराम यादव (28 साल) निवासी वार्ड नं 23 नया रावणभाठा महासमुंद के कब्जे से अवैध रूप से एक काले रंग के बैग के अंदर 43 पौवा देशी प्लेन अवैध शराब कीमत 3440 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक पुरानी इस्तेमाली लाल रंग की मोटर सायकल बजाज एवेंजर क्रमांक सीजी 06 जीई 3646 कीमत 10,000 रुपए कुल 13,440 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### घर घुसकर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम छिंदपाली में एक लड़की के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रतिज्ञा तांडी (15) ने बताया कि 22 मई की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी नानी के साथ घर पर थी, उसी समय गांव के उत्तरा चौहान व तेजराज चौहान ने घर घुसकर, तुम लोग हमारे खिलाफ थाना में शिकायत किये हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की।

# अमावस, बेलटुकरी और अछरीडीह को पुनः तुमगांव तहसील में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए चलाए जा रहे सुशासन तिहार के दौरान ग्राम अमावस, बेलटुकरी एवं अछरीडीह को पुनः तुमगांव तहसील में शामिल किए जाने की मांग उठ रही है। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने सरकार एवं जिला प्रशासन से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। प्रस्तुत आवेदन में बताया गया है कि उक्त तीनों ग्राम पूर्व में तुमगांव तहसील के अंतर्गत शामिल थे, लेकिन बाद में इन्हें महासमुंद तहसील में जोड़ दिया गया। तहसील परिवर्तन के बाद ग्रामीणों एवं किसानों को



आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए महासमुंद जाना पड़ता है, जिससे लोगों को आर्थिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानिक ने कहा कि इन गांवों का दैनिक आवागमन, बाजार, सामाजिक गतिविधियां एवं अधिकांश शासकीय संपर्क तुमगांव क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। तुमगांव की दूरी कम होने के कारण पहले लोगों को अपने कार्यों के लिए सुविधा मिलती थी, लेकिन महासमुंद तहसील में शामिल होने के बाद ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इसका सबसे अधिक असर किसानों, बुजुर्गों एवं गरीब वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए भी ग्रामीणों का पूरा दिन खराब हो जाता है, जिससे मजदूरी एवं खेती-किसानी का काम प्रभावित होता है। ऐसे में आमजन की सुविधा और क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्राम अमावस, बेलटुकरी एवं अछरीडीह को पुनः तुमगांव तहसील में शामिल किया जाना आवश्यक है। महासमुंद किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिल सके।

# नौतपा आज से, 27 साल के बाद 2 शनि बनाएंगे नवपंचम योग संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ज्येष्ठ मास 2 मई से शुरू हो गया है, जो इस बार गर्मी और आस्था, दोनों के चरम का साक्षी बनने जा रहा है। एक और ज्येष्ठ माह में 8 बड़ा मंगल पड़ने का दुर्लभ संयोग बन रहा है। तो वहीं 25 मई से शुरू होने वाला नौतपा नौ दिनों तक भीषण गर्मी का कहर बरपाएगा। पंडित योगेश महाराज ने बताया कि सूर्य 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और 2 जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। इस बार 27 साल बाद नौतपा पर नवपंचम योग संयोग बन रहा है।

जो कि अत्यंत शुभ और प्रभावशाली रहेगा। इससे मानव जीवन में सकारात्मक परिणाम और उन्नति का संकेत देता है। यह योग तब बनता है जब दो ग्रह एक-दूसरे से नवम और पंचम भाव में स्थित होते हैं। पंडित योगेश महाराज ने बताया कि इस बार नौतपा के बीच 2 मंगलवार आ रहे हैं। इस दौरान तापमान में भारी बढ़ोतरी, लू जैसी स्थितियां बन सकती है। पंडित योगेश महाराज ने बताया कि इस बार भी 25 मई से 2 जून तक रहने वाले नौतपे में तेज गर्मी के साथ हवा, आंधी और हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। इन नौ दिनों में तापमान नए रिकॉर्ड बना सकता है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। वर्ष 1999 में ज्येष्ठ अधिकमास रहा है और नौतपा में 2 मंगलवार का भी संयोग बना था, जो इस साल भी पड़ रहे हैं। नौपता के दौरान मिथुन राशि में गुरु व शुक्र का योग बनेगा।

# पुरुषोत्तम मास पर राम-जानकी मंदिर में हो रही रोज आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी के राम जानकी मंदिर में पुरुषोत्तम मास पर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर रोज आराधना की जा रही है। श्रद्धालुओं द्वारा संध्या 6 बजे से 9 बजे तक विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने कथा में बताया कि पुरुषोत्तम मास की पहली एकादशी मनाई जा रही है। जिसमें महाप्रभु का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात



फल, माखन मिश्री का भोग अर्पित किया गया। शाम को सात बजे अद्भुत श्रृंगार दर्शन कर भक्त भजन-कीर्तन से गुणगान कर रहे है। यह महीना भगवान विष्णु को प्रिय है। भगवान की पूजा और आराधना करने का विशेष महत्व है। मंदिर में रोज दीपक जलाने का क्रम चल रहा है। इससे भगवान पुरुषोत्तम की भक्ति रोशन हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर तीन साल आने वाले अतिरिक्त मास को पुरुषोत्तम मास कहा जाता है।

यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मास में दान करने से कष्ट विध्न बाधा दूर हो जाते हैं। जिससे भगवान विष्णु के प्रति भक्ति भाव बना रहता है। पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक पूजा अर्चना कर, सुखमय जीवन की कामना की जा रही है।

# श्रीराम कथा में शामिल हुए पूर्व विधायक चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चिरमिरी में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा आयोजित भव्य राम कथा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के दिव्य चरित्र का श्रवण करने का सौभाग्य मिल रहा है। इस अलौकिक धार्मिक अनुष्ठान में कथा वाचक के रूप में प्रखर विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज विराजमान रहे, जिनके मुखारविंद से प्रवाहित होती रसधार और ओजस्वी वाणी ने पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर और मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान महासमुंद के पूर्व



विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के साथ डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा और भाजपा किसान मोर्चा महासमुंद के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू भी चिरमिरी पहुँचे। कथा स्थल पर आगमन के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वयं आगे बढ़कर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा सहित सभी साथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। पश्चात सभी ने मंच पर विराजमान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया और कथा श्रवण की।

उक्त धार्मिक समागम में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के अलावा अंबिकापुर के समीप स्थित लुंड्रा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रबोध मिंज भी कथा श्रवण करने पहुंचे।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि ऐसी अलौकिक कथाएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संचार करती हैं। इस दौरान आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने न केवल भगवान की कथा का अमृतपान किया, बल्कि आपस में आत्मीय भेंट कर इस धार्मिक व सामाजिक समरसता के माहौल को और अधिक प्रगाढ़ बनाया।

# बच्चों को संस्कारवान बनाने नैतिक शिक्षा प्रदान करने पर दिया जोर

**महासमुंद**। विश्व हिंदू परिषद शबरी सेवा संस्थान द्वारा आगामी शिक्षण सत्र 2026-27 में प्राथमिक शाला के कक्षा पांचवी एवं पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों को संस्कारवान बनाने नैतिक शिक्षा




प्रदान करने के लिए निजी स्कूल संचालकों की बैठक स्थानीय स्वाध्याय केंद्र में रखी गई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद नैतिक शिक्षा आयाम के प्रांत प्रमुख हरिओम साहू, सामाजिक समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। प्रांत प्रमुख ने नैतिक शिक्षा आयाम पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्ष भर नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम सप्ताह में एक दिन बच्चों को कैसे अध्ययन करना है, नैतिक शिक्षा द्वारा बच्चों को संस्कारवान बनाने के बाद उनका मूल्यांकन करने एवं सर्टिफिकेट एवं प्रोत्साहन भेंट सहित आगामी सत्र की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्राइवेट स्कूल संचालकों से आवश्यक चर्चा एवं उनके सुझाव व विचारों का आदान प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पारस चोपड़ा, कांति सोनी, राहुल चंद्राकर, कुबेर गिरी गोस्वामी, नीलेश तिवारी, कुंभज चंद्राकर, रामेश्वर पांडे, प्रदीप वर्मा, गुड्डा सिन्हा, सुरेंद्र महाराज, राहिल गुप्ता, सुमन सेंद्रे आदि उपस्थित रहे।

# ग्रॉफ्टेड बैगन की खेती से लाखों की आय अर्जित कर रहे कृषक नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेहनत, नवाचार और आधुनिक तकनीक के समन्वय से किसान अपनी तकदीर बदल सकते हैं। इसका जीवंत उदाहरण हैं जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोहारपार के प्रगतिशील किसान नवीन साव। पारंपरिक खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में ग्राफ्टेड बैगन की उन्नत खेती अपनाई और आज वे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

नवीन साव बताते हैं कि वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत ग्राफ्टेड बैगन की खेती प्रारंभ की। उन्होंने अपनी 1.31 हेक्टेयर भूमि में आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग का उपयोग कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती की।



परिणामस्वरूप उन्हें बेहतर उत्पादन एवं अधिक लाभ प्राप्त हुआ। पूर्व में वे पारंपरिक धान की खेती करते थे, जिससे सीमित आय ही प्राप्त होती थी। धान फसल से प्रति एकड़ लगभग 21 क्विंटल उत्पादन एवं करीब 45 हजार 600 रुपए का लाभ मिलता था। वहीं ग्राफ्टेड बैगन की खेती अपनाने के बाद प्रति एकड़ लगभग 155 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। उत्पाद को सरायपाली एवं उड़ीसा मंडी में लगभग 30 रुपए प्रति किलो की दर से विक्रय कर उन्होंने करीब 2 लाख 45 हजार रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। साव बताते हैं कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के सतत मार्गदर्शन, योजनाओं के लाभ और नई तकनीकों को अपनाने की जिज्ञासा ने उन्हें सफलता दिलाई। वे नियमित रूप से कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित नई जानकारियां प्राप्त करते रहते हैं तथा खेती में नवाचार को प्राथमिकता देते हैं। आसपास के किसान लगातार उनके खेत का भ्रमण कर आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी ले रहे हैं। कई किसान पारंपरिक खेती छोड़कर उद्यानिकी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कसेकेरा में जन-जागरुकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर फ्यूचर आफ इंडिया अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, विज्ञान आश्रम कसेकेरा एवं मां रूपई ईको क्लब, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा के संयुक्त तत्वावधान में जैव विविधता को जानने समझने और संरक्षण के लिए जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने ग्रामीणों को जैव विविधता को जानने समझने और संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने केंचुओं, मधुमक्खियों, चील और






गिद्ध, लुप्त हो रहे औषधीय पौधों, जलीय जीवों के महत्व को समझाया और ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ हैं सांसे पेड़ हैं जीवन गीत गाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच राकेश साहू ने की, जबकि रंगकर्मी एवं साहित्यकार किसान दीवान तथा प्राचार्य डीएस टंडन विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन विभाग कोमाखान के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विश्वास मेश्राम ने प्रकृति में जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानवीय हस्तक्षेप के कारण बिगड़ रहे पारिस्थितिक संतुलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से उत्पन्न जैव विविधता संकट की चर्चा करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। वन विभाग के वनरक्षक खेमराज साहू ने जैव विविधता, खाद्य श्रृंखला एवं पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में मानव की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वन विभाग द्वारा वन संवर्धन, जैव संरक्षण तथा आपदा क्षतिपूर्ति संरक्षण योजनाओं के संबंध में भी ग्रामीणों को अवगत कराया। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने कसेकेरा में विगत पांच वर्षों से जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम कुंजाम, तुलसी साहू, बुढ़ान ठाकुर, शिक्षक विजय जगत, रामप्रसाद साहू, सनत जितेंद्र साहू, वन रक्षक शनि ठाकुर, सुखनंदन यादव, गुलाब साहू, सोहन साहू, राजीव धीवर, जितेश यादव, नैन सिंग यादव, शोभूराम साहू सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

